विश्राम कक्ष अपर जिला जज न्यायालय स0–1
जनपद न्यायालय आगरा।
गोष्ठी दिनांकित –12.06.2017

माननीय जनपद न्यायाधीश,
आगरा।

आज दिनांक 12.06.2017 को न्यायिक अधिष्ठान, आगरा में उपयोगी सामान की खरीदारी एंव अनुपयोगी सामान को निष्प्रयोज्य घोषित किये जाने एंव नीलामी की प्रक्रिया को सम्पादित किये जाने हेतु समिति की आवश्यक सभा मेरे विश्राम कक्ष में आहूत की गयी, जिसमें सदस्य श्री विवेक संगल, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, श्री अहमद उल्ला खाँ अपर जिला जज न्यायालय संख्या–12 द्वारा प्रतिभाग किया गया। समिति सदस्य श्री कुशलपाल अपर जिला जज न्यायालय संख्या–16 ग्रीष्मकालीन अवकाश पर है। समिति द्वारा लाईब्रेरियन द्वारा प्रस्तुत आख्या दिनांकित 27.05.2017 जिसे प्रभारी अधिकारी पुस्तकालय एंव लेखन सामग्री द्वारा माननीय महोदय को अग्रसाति किया गया था पर पारित केन्द्रीय नाजिर की आख्या दिनांकित 03.06.2017 जिसे प्रभारी अधिकारी नजारत समिति को अग्रसारित किया गया है, पर विचार विमर्श किया गया।

समिति द्वारा लाईब्रेरियन द्वारा प्रस्तुत आख्या का अवलोकन किया गया। आख्यानुसार माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 में लेखन सामग्री क्रय करने हेतु विभिन्न लेखाशीर्षकों के मद 11 स्टेशनरी का क्रय में कुल मु0 2,21,500/– का अनुदान आवंटित किया गया है। वर्तमान न्यायालयों एंव कार्यालयों में कार्य सुचारू रूप से बनाये रखने के लिये लेखन सामग्री की अति आवश्यकता है। वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु लेखन सामग्री की आपूर्ति कराये जाने की प्रार्थना की गई है।

उक्त के सम्बन्ध में केन्द्रीय नाजिर द्वारा यह तथ्य संज्ञान में लाया गया है कि पुस्तकालय विभाग हेतु लेखन सामग्री क्रय किये जाने की समस्त कार्यवाही लाईब्रेरियन द्वारा आवश्यकता दर्शाये जाने पर क्रय समिति/प्रभारी अधिकारी पुस्तकालय एंव लेखन सामग्री द्वारा समय–समय पर तत्कालीन जनपद न्यायाधीशों द्वारा न्यूनतम टैण्डर दाता/अनुमोदित फर्म से अनुमति प्राप्त किये जाने के उपरान्त नजारत अनुभाग के माध्यम से क्रय की जाती रही है।

वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु जनपद न्यायालय आगरा में लेखन समिग्री की आपूर्ति किये जाने के लिये टैण्डर आमंत्रण हेतु दिनांक 10.07.2017 नियत की जाती है। टैण्डर नियत दिनांक को प्रातः 11 बजे तक नजारत कार्यालय में प्राप्त कराये जा सकते है। टैण्डर जमा कराते समय जमानत धनराशि मु0 5,000/– डी0डी0 से जमा करायी जा सकती है। प्राप्त सील वन्द टैण्डर उसी दिनांक को समय 02.00 बजे समिति के समक्ष खोले जावेगे। निविदाओं को खोले जाते समय निविदा दाता/प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

अतः जनपद न्यायालय आगरा में वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिये लेखन सामिग्री की आपूर्ति किये जाने हेतु टैण्डर आमंत्रित किये जाने की सूचना तीन स्थानीय समाचार पत्रों अमर उजाला, दैनिक जागरण एंव दाता सन्देश में प्रकाशित कराये जाने एंव उक्त सूचना जनपद आगरा के प्रमुख राजकीय कार्यालयों के सूचनापट पर भी चस्पा करायी जाने **तथा मुख्य कम्प्यूटर लिपिक/सिस्टम आफीसर को निर्देशित किया जाता है कि वह उक्त निविदा की सूचना** माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की आफिसियल बेबसाइट www.allahabadhighcourt.in एंव जनपद न्यायालय आगरा की आफिसियल बेवसाइट www.ecourts.gov.in/agra पर उपलब्ध कराना सुनिश्चत करें।

उर्पयुक्त आख्या माननीय महोदय के अवलोकनार्थ एंव अनुमोदनार्थ सादर प्रेषित है।

अवकाश पर	13-6-2017	13.6.17	13.06.17
(कुशल पाल)	(अहमद उल्ला खाँ)	(विवेक संगल)	(ए0के0त्रिपाठी)
सदस्य	सदस्य	सदस्य	अध्यक्ष
अपर जिला जज न्यायालय संख्या–16 आगरा।	अपर जिला जज न्यायालय सख्यां–12 आगरा।	वि0न्यायाा0 एससी/एसटी एक्ट आगरा।	अपर जिला जज न्यायालय सख्यां–01 आगरा।

Approved
14/6/17